प्रेस नोट

थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर

(थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर व एस.टी.एफ. टीम जनपद प्रयागराज की संयुक्त टीम के द्वारा 50,000 हजार की पुरस्कार घोषित, करीब 150 करोड़ रूपये गबन करने की अपराधी गिरफ्तार)

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा चलाये जा रहे अपराध नियंत्रण एवं अभियान गिरफ्तारी वांछित/वारंटी/पुरस्कार घोषित अपराधी के अंतर्गत श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल निर्देशन व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय खागा के निकट पर्वेक्षण में दिनांक 17.10.2024 को एस.टी.एफ. टीम प्रयागराज व पुलिस टीम थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर के संयुक्त टीम के द्वारा वांछित वारंटी व पुरस्कार घोषित अपराधी की तलाश दबिश के दौरान इलेक्ट्रानिक साक्ष्य व जरिये मुखबिर खास की सूचना पर श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद फतेहपुर के द्वारा पुरस्कार घोषित 25000 रूपये की अभियुक्ता पूजा मौर्या पत्नी राजेश मौर्या निवासी ग्राम खजुरियापुर मजरे ऐरायां सादात थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर मायका त्रिलोकपुर पोस्ट कुलगांव थाना महाराजपुर जिला कानपुर नगर उम्र करीब 33 वर्ष जो वर्ष 2016 से अपने पति राजेश मौर्या व अन्य साथियों के साथ जनपद फतेहपुर, जनपद कौशाम्बी, जनपद प्रयागराज, जनपद मिर्जापुर, व जनपद लखनऊ में आम जनता के व्यक्तियों का पैसा दोगुना करने का प्रलोभन देकर उनके रूपयों की धोखाधड़ी व कूट रचना कर करीब 150 करोड़ रूपये का गबन कर अपने पति राजेश मौर्या के साथ फरार चल रहा थी जिसमें राजेश मौर्या को दिनांक 03.07.2024 को गिरफ्तार किया जा चुका है अभियुक्ता पूजा मौर्या की गिरफ्तारी हेतु S.T.F. टीम युनिट जनपद प्रयागराज व थाना स्थानीय की पुलिस तथा श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद फतेहपुर के द्वारा अभियुक्त पूजा मौर्या उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु पुनः श्रीमान् पुलिस महानिरीक्षक महोदय, जोन प्रयागराज जनपद प्रयागराज के द्वारा 50,000/-रूपये का इनाम घोषित किया गया, अभियुक्ता की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में टीम गठित कर जनपद के पुलिस टीम के द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए उसके घर व मिलने के संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दिये जा रहे थे किन्तु गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी दिनांक 17.10.2024 को एस.टी.एफ. जनपद प्रयागराज की संयुक्त टीम के द्वारा अभियुक्ता पूजा मौर्या के मायके से करीब 20 किमी दूर अमर सिंह के मकान में किराये के कमरे से समय करीब 12.20 PM पर नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्ता उक्त के कब्जे से एक अदद मोबाइल बरामद किया गया। अभियुक्ता पूजा मौर्य उपरोक्त से जनपद फतेहपुर व अन्य जनपदों में पंजीकृत अभियोगों में NBW व धारा 82/83 दं0प्र0सं0 की कार्यवाही के पश्चात धारा 174A के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया किन्तु अभियुक्ता वर्ष 2016 से बदस्तूर फरार चल रही थी, अभियुक्ता उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किये जाने हेतु रवाना किया जा रहा है।

➢ गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरणः-

1. पूजा मौर्या पत्नी पूजा मौर्या निवासी ग्राम खजुरियापुर मजरे ऐरायां सादात थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर मायका त्रिलोकपुर पोस्ट कुलगांव थाना महाराजपुर जिला कानपुर नगर उम्र करीब 33 वर्ष

➢ अभियुक्ता की गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः-

किराये का मकान अमर सिंह यादव मोहल्ला मसवानपुर थाना रावतपुर जनपद कानपुर नगर, दिनांक-18.10.2024 समय 12.20 PM.

➢ अभियुक्त से बरामदगी का विवरणः-

1. 01 अदद मोबाइल (टेक्नो एन्ड्रायड)

➢ अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-

क्र0सं	मु0अ0सं0	धारा	थाना	जनपद	परिणाम
1.	82/2016	406/420/467/468/471/506 IPC	सु0घोष	फतेहपुर	आरोप पत्र संख्याः- 75/2016 दिनांकः 08.08.2016
2.	210/2016	174 A IPC	सु0घोष	फतेहपुर	आरोप पत्र संख्याः- 81/2016 दिनांकः 15.08.2016
3.	291/2016	420/467/468/471/ 406/504/506/120 B IPC	सु0घोष	फतेहपुर	आरोप पत्र संख्याः-73/2017 दिनांक-14.09.2017

गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरण-

1. उ0नि0 विनय कुमार तिवारी, एसटीएफ टीम प्रभारी जनपद प्रयागराज।
2. उ0नि0 दिलीप कुमार, थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर।
3. हे0का0 सुनील सिंह, एसटीएफ, जनपद प्रयागराज।
4. हे0का0 रोहित सिंह, एसटीएफ, जनपद प्रयागराज।
5. हे0का0 संतोष कुमार, एसटीएफ, जनपद प्रयागराज।
6. कां0 अखण्ड प्रताप पाण्डेय एसटीएफ, जनपद प्रयागराज।
7. म0का0 आराधना पाण्डेय, थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर।

महत्वपूर्ण तथ्यः-

1) अभियुक्ता पूजा मौर्या अपने पति राजेश मौर्या के साथ मिलकर आम जनता के व्यक्तियों के साथ धोखाधड़ी कर अवैध रूप से रूपये अर्जित कर धोखाधड़ी के अपराध में सम्मिलित थी।
2) अभियुक्ता पूजा मौर्या करीब 09 वर्ष से गिरफ्तारी से बचते हुए छिप –छिपाकर लगातार फरार चल रही थी।
3) श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा अभियुक्ता पर 25000/- का इनाम घोषित था।
4) अभियुक्ता पूजा मौर्या की पुरस्कार राशि को 25000/- से बढ़ा कर श्रीमान् पुलिस महानिरीक्षक महोदय प्रयागराज रेंज प्रयागराज के द्वारा दिनांक 17.10.2024 को पुरस्कार राशि 50,000/- रूपये घोषित किया गया।
5) अभियुक्ता की गिरफ्तारी हेतु एस.टी.एफ. युनिट प्रयागराज व थाना सुल्तानपुर घोष पुलिस द्वारा अथक प्रयास करते हुए दिनांक 17.10.24 को थाना क्षेत्र रावतपुर जनपद कानपुर नगर से अमर सिंह के किराये मकान से गिरफ्तार किया गया।

थानाध्यक्ष
थाना सुल्तानपुर घोष
जनपद फतेहपुर।